आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। भाजपा की ओर से नामित केन्द्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में पंकज चौधरी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की।

मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही हे यह घोषित करते हुए कि सर्वसम्मति से भाई पंकज चौधरी जी, भाई पंकज चौधरी जी भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नव–निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रूप में घोषित करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है।

पीयूष गोयल ने श्री चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने का प्रमाण पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज एक अनुभवी कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अब प्रदेश में सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आगे बढ़ायेंगे।

आज उत्तर प्रदेश के अन्दर हमारे चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हो रही है और एक अनुभवी कार्यकर्ता को उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही उत्तर प्रदेश के अन्दर अब नये गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर के आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मंशा के अनुरूप आगे बढ़ने के संकल्प के साथ बढ़ पायेगा।

इस अवसर पर श्री गोयल ने राष्ट्रीय परिषद के एक सौ बीस सदस्यों के निर्वाचन की घोषणा भी की। इस परिषद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक जैसे देश के प्रमुख भाजपा नेता शामिल हैं। राष्ट्रीय परिषद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करती है।

****

प्रदेश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के संकल्प के साथ प्राथमिकता वाले 33 जिलों में आज से सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गयी। यह अभियान 22 दिसंबर तक चलेगा। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डाक्टर पवन कुमार अरूण ने बताया कि अभियान का मुख्य लक्ष्य 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक देना है। उन्होंने बताया कि चिन्हित जिलों में शून्य से पांच साल तक के एक करोड़ 33 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के पहले दिन खुराक देने के लिए 44 हजार 726 बूथ लगाए गये हैं। सघन पल्स पोलियो अभियान के लिए चिन्हित जिलों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अयोध्या, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, कुशीनगर और मऊ जिले शामिल हैं।

****

भारतीय जनता पार्टी ने आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कथित तौर पर भ्रम फैलाने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि संसद में चुनावी सुधारों पर व्यापक चर्चा हो चुकी है।

कोर्ट में केस नहीं, इलेक्शन कमिशन में एक भी किसी बूथ के ऊपर कंप्लेंट नहीं, मगर आप रैली कर रहे हैं। यही दिखाता है कि हाथ में वास्तविकता नहीं है मगर एक भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने की चेष्टा आप लोग कर रहे हैं। लाख कोशिश कांग्रेस पार्टी भड़काने की कर ले और हमारी संविधानिक संस्थाओं को अपमानित और बदनाम करने के लिए कर ले, मगर विदेश भी जानता है कि भारत का लोकतंत्र एक बहुत सघन लोकतंत्र है और इसे हिलाया नहीं जा सकता है।

****

राज्य विधानमण्डल का शीतकालीन सत्र उन्नीस दिसम्बर से शुरू होगा। यह शीतकालीन सत्र चौबीस दिसम्बर तक चलेगा। बाइस दिसम्बर को वित्तीय वर्ष दो हजार पचीस–छब्बीस के लिये पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा, इसमें कई विभागों की अतिरिक्त आवश्यकताओं के लिये धनराशि की मांग की जायेगी। इसके अलावा राज्य सरकार सदन में दस से अधिक विधेयक भी रखेगी। इनमें कुछ पुराने लम्बित विधेयक और नये प्रस्ताव शामिल रह सकते हैं।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के अंतर्गत कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है आज संगमम में आये सातवें समूह ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। समूह के आगमन पर मंदिर के शास्त्रियों ने पुष्प वर्षा और डमरू की ध्वनि के साथ उनका स्वागत किया। स्वागत के बाद सदस्यों को काशी विश्वनाथ धाम के भव्य कॉरीडार का भ्रमण कराया गया। इस दौरान समूह के सभी सदस्यों ने धाम के ऐतिहासिक स्वरूप और स्थापत्य कला के बारे में जानकारी प्राप्त की ।

****

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में ठंड और कोहरे का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। रात और सुबह पड़ने वाले कोहरे से कई जिलों में लोगों का जन–जीवन प्रभावित होने लगा है। बीते कुछ दिनों में तराई वाले जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट होने और कोहरा पड़ने का सिलसिला अगले तीन चार दिन तक जारी रहेगा। दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में तेजी से ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान है।

****